NEW ERA PUBLIC SCHOOL (2020-2021)

SUBJECT:- Hindi A/B    CLass : 4th

SOLVED ASSIGNMENT OF UNIT Ist

पाठ - 1
मेरा प्यारा हिंदुस्तान

शब्द ज्ञान

धार - पानी का बहाव , व्रती - व्रत लेने वाला
दृष्टि - नजर , वैभव - धन-संपत्ति ,
अवतार - प्रगट होना , धनवान - धनी व्यक्ति
अवसान - सीमा, अंत , बारम्बार - बार-बार

मौखिक (oral Questions)

1. भारत की भूमि को स्वर्ग क्यों कहा जाता है?
उ॰ भारत की भूमि को स्वर्ग इसलिए कहा जाता है क्योंकि प्रभु ने इसे अपनी दिव्य दृष्टि और सुख वैभव से भरा है। इसे अपने हाथों से स्वर्ग बनाया है।

2. गंगा की धार में क्या होता है ?
उ॰ गंगा की धार में पानी का बहाव होता है।

3. भारत को सोने की चिड़िया क्यों कहा

जाता है?

उ०, भारत को सोने की चिड़िया इसलिए कहा जाता है क्योंकि जो भी यहाँ आया वह धनवान हो गया।

4, शत्रु से पाला पड़ने पर भारतवासियों ने क्या किया?

उ०, शत्रु से पाला पड़ने पर भारतवासियों ने गिन-गिन कर बदला लिया।

5. मन्ना सिंह कहाँ का रहने वाला था?

उ०, मन्ना सिंह बहलपुर का रहने वाला था।

2. <u>कविता की वे पंक्तियाँ पूरी करें जिसमे निम्नलिखित शब्दो की चर्चा हो:</u>

1. धार : धार मे गंगा की होता है, पापों का अवसान।
2. देश : देश आर्यावर्त बाद मे जो भारत कहलाया।
3. बहलपुर : बहलपुर का 'मन्ना सिंह' था ऐसा जीवट वाला,
4. व्रती : व्रती वीर ने पल-पल रखा, अपने व्रत का ध्यान।
5. धनवान : यहाँ जो आया एक बार, वह बन बैठा धनवान।

Scanned with CamScanner

4-H



२. रेखा खींचकर सही वाक्य बनाकर लिखें:

| | | |
|---|---|---|
| क, माँ | ने | दफ्तर में काम किया। |
| ख, पिताजी | से | फल ले लीजिए। |
| ग, मेज | पर | किताब रख दो। |
| घ, घर | में | एक स्कूटर खरीदा। |

उत्तर:

क, माँ से फल ले लीजिए।
ख, पिताजी ने एक स्कूटर खरीदा।
ग, मेज़ पर किताब रख दो।
घ, घर में दफ्तर का काम किया।

१. भारत में किन्हीं पाँच महान संतों के नाम लिखें।

१. संत कबीरदास
२. संत तुलसीदास
३. संत सूरदास
४. संत रविदास
5. संत कालीदास

२. भारत के किन्हीं पाँच प्रसिद्ध शहीदों के नाम लिखें जिन्होंने देश के लिए जान कुर्बान कर दी।

१. शहीद भगत सिंह
२. शहीद राजगुरु
३. शहीद सुखदेव
4 शहीद चंद्रशेखर आजाद
5. शहीद बटुकेश्वर दत्त

Scanned with CamScanner

# पाठ - २

# लवीना की डायरी

**शब्द - ज्ञान**

संघर्ष - अधिक परिश्रम करना
दृढ़ता - कठोरता, कसौटी - जाँच, परख,
सद्गुण - अच्छे गुण, विवरण - व्याख्या

**मौखिक (Oral Questions)**

१. विकी कौन था और कैसा बच्चा था?
उ. विकी अमीर बाप का बेटा था और वह अपनी अमीरी की शान दिखाता था।
२. नितिन सबका प्रिय था। क्यों?
उ. नितिन सबका प्रिय इसीलिए था क्योंकि वह सबकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहता था।

**लिखित (Written Questions)**

१. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें:
क. "आउट कास्ट" किसने कहा और क्यों कहा?
उ. 'आउट कास्ट' विकी ने नितिन को कहा क्योंकि वह बहुत नम्र और शांत स्वभाव का था और समय आने पर पढ़ाई में सबकी मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहता था। इसीलिए उसे सब पसंद करते थे।

Scanned with CamScanner

ख, आप स्कूल किस उद्देश्य से जाते है?

उ०, हम स्कूल पढ़ने के लिए जाते है और अच्छी बाते सिखने के लिए जाते है।

ग, स्वयं को बेहतर इंसान बनाने के लिए आप क्या करना चाहेंगे ?

उ०, स्वयं को बेहतर इंसान बनाने के लिए, ईश्वर हमें जीवन में आत्म विश्वास, दृढ़ता, जीवन में संघर्ष करने की शक्ति और सद्‌गुणों से सम्पन्न करना।

२. स्कूल का अनुशासन बनाए रखने के लिए आप क्या करेंगे ?

मैं स्कूल के नियमों का पालन करुँगी –

क, कक्षा में कूड़े-कचरे नही डालूँगी।

ख, खेल के मैदान में सब सहेलियो के साथ मिल-जुल कर खेलूगी।

ग, मित्रों के साथ कभी झगडा नही करुँगी

घ, कमजोर छात्रों की सहायता करुँगी।

ङ,) अध्यापकों का कहना मानूँगी।

3. ऐसी स्थिति में आप क्या करना चाहेंगे:

क, घर में सभी की तबियत अचानक खराब हो जाए तो अपने पडोसियों से सहायता करने को कहूँगी।

Scanned with CamScanner

ख, कक्षा में दो बच्चों में आपस में लड़ाई हो जाए तो उन दोनों को समझा - बुझा कर सुलाह करवाऊँगी।

ग, सड़क पर एक अंधे आदमी अचानक साइकिल से टकराने वाला हो तो उसे पीछे खींच लूँगी और सड़क पार कराऊँगी।

घ, तुम्हारी दादी जी को बाजार से कुछ चाहिए और तुम्हें तुम्हारे मित्र क्रिकेट खेलने के बुला रहे हैं तो पहले में ~~क्रिकेट~~ दादी जी के लिए बाजार से कुछ लेकर आऊँगी फिर अपने मित्रों के साथ खेलने के लिए जाऊँगी।

—o—

Scanned with CamScanner

## पाठ - 3
## स्वामी विवेकानंद

**शब्द ज्ञान**

दयालु - दया करने वाला, अटॉर्नी - प्रतिनिधि

उत्थान - उन्नति

**मौखिक (Oral Questions)**

1. स्वामी विवेकानंद का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

उ, स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था।

**लिखित (written Questions)**

2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें :

क, इनके पिता का नाम क्या था ? वे क्या करते थे ?

उत्तर, इनके पिता का नाम विश्वनाथ दत्ता था और वह हाई-कोर्ट में अटॉर्नी थे।

ख, उनके अनसुलझे सवालों के जवाब किसने और कहाँ दिए ?

उत्तर, स्वामी विवेकानंद श्री रामाकृष्ण परमहंस के परम भक्त थे। पहली बार वे उन्हें दक्षिणेश्वर में काली के मंदिर में मिले और उनके कई अनसुलझे सवालों के जवाब दिए।

Scanned with CamScanner

ग, स्वामी विवेकानंद ने समाज के पिछड़े वर्ग के सुधार के लिए क्या किया ?

उ०, स्वामी विवेकानंद ने ~~समाज~~ रामाकृष्ण मिशन की स्थापना की और पिछड़े वर्गों व समाज में सभी प्रकार के सुधार कार्य करने का कार्य प्रारंभ किया।

२. सही विकल्पों पर (✓) का निशान लगाएँ :

क, स्वामी विवेकानंद की माता जी -

i, झगड़ालू और दयालु थी। (×)
ii, कृपालु और नास्तिक थी। (×)
iii) धार्मिक और दयालु थी। (✓)
iv) कृपालु और स्वार्थी थी। (×)

ख, रामकृष्ण मिशन की स्थापना हुई :

१. 1 मई 1866 को (×) ii, 1 मई 1897 को (✓)

ग, उनका कहना था शिक्षा मनुष्य को :

i, सिर उठा कर जीना सिखाती है। (✓)
ii, पशु और मनुष्य का भेद बताती है। (×)
iii, अनुशासनहीन बनाती है। (×)
iv, कामचोर बनाती है। (×)

३. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

१. विवेकानंद जी के पिता की मृत्यु सन 1864 में हुई।

२. कलकत्ता विश्व विद्यालय से इन्होंने स्नातक

की डिग्री प्राप्त की।

ग, श्री रामकृष्ण परमहंस से पहली बार वे मंदिर में मिले।

घ, इनका पूरा नाम नरेन्द्र नाथ दत्ता था।

पर्यायवाची शब्द लिखें :

क, उत्थान -

ख, विश्व - जगत, दुनिया

ग, मनुष्य - मानव, इंसान

घ, जीवन - जिंदगी,

3. नीचे लिखी पंक्तियों में से भाववाचक संज्ञा छाँटें और खाली स्थान पर लिखें।

क, कृष्ण और सुदामा की मित्रता प्रसिद्ध है।
मित्रता

ख, उसे हर काम में सफलता मिल रही है।
सफलता

ग, ताजमहल की सुंदरता सबको भाती है।
सुंदरता

घ, हमें सदा दूसरों की भलाई करनी चाहिए।
भलाई

ङ, वसंत ऋतु में चारों और हरियाली छा जाती है।
हरियाली

च, मुझे अपना बचपना याद आता है। बचपना

छ, सच्चाई की सदा विजय होती है।
सच्चाई

Scanned with CamScanner

# (हिन्दी व्याकरण)

प्र०1: भाषा किसे कहते है?

उत्तर: भाषा सार्थक ध्वनियों का ऐसा सशक्त साधन है, जिसके द्वारा हम अपने विचार और भाव दूसरों के समक्ष प्रकट कर सकते हैं और उनके विचार और भाव समझ सकते है।

भाषा के दो रूप होते है।

1. मौखिक भाषा
2. लिखित भाषा

प्र०2: व्याकरण किसे कहते हैं?

उत्तर: जिस शास्त्र के माध्यम से हम भाषा का शुद्ध उच्चारण करना, लिखना और पढ़ना सीखते है, वह 'व्याकरण' कहलाता है।

व्याकरण के तीन भाग होते है।

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. वाक्य विचार

प्र०3: वर्ण विचार किसे कहते है?

उत्तर: जहाँ पर वर्णों के विषय में विस्तार में विचार किया जाता है, वह 'वर्ण-विचार' कहलाता है।

Scanned with CamScanner

## 1. विलोम शब्द : (1-10)

1. आकाश - पाताल
2. उन्नति - अवनति
3. उचित - अनुचित
4. कठोर - कोमल
5. इष्ट - अनिष्ट
6. गहरा - उथला
7. दयालु - निर्दयी
8. प्राचीन - अर्वाचीन
9. मित्र - शत्रु
10. गुरु - शिष्य

## 2. पर्यायवाची शब्द : (1-5)

1. उपवन - बाग, उपवन, उद्यान, वाटिका।
2. कमल - पंकज, राजीव, जलज, सरोज।
3. किरण - अंशु, मयूख, रश्मि, मरीचि।
4. गृह - घर, निकेतन, भवन, सदन।
5. घोड़ा - अश्व, तुरंग, घोटक, वाजि।

## 3. लिंग बदलों : (1-15)

1. नर - नारी
2. पहाड - पहाड़ी
3. चाचा - चाची
4. लड़का - लड़की
5. बकरा - बकरी
6. नाला - नाली
7. नौकर - नौकर
8. मामा - मामी
9. दादा - दादी
10. बेटा - बेटी
11. मुर्गा - मुर्गी
12. बच्चा - बच्ची
13. पुत्र - पुत्री
14. नाना - नानी
15. मौसा - मौसी

Scanned with CamScanner

4. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें : (1-5)

1. जिसके समान कोई दूसरा न हो :- अद्वितीय
2. जिसमें धैर्य न हो :- अधीर
3. जिसके माता-पिता न हो :- अनाथ
4. जो कभी बूढ़ा न हो :- अजर
5. जो बीत चुका हो - अतीत

5. मुहावरे : (1-10)

1. अंगार उगलना - खरी खोटी सुनाना।
2. अक्ल के पीछे लाठी लिए फिरना - बेवकूफी करना।
3. अपने पाँव आप कुल्हाडी मारना - जानबूझ कर जोखिम में पड़ना।
4. आँख जलना - ईर्ष्या करना।
5. आटा गीला होना - मुसीबत का सामना होना।
6. ईट का जवाब पत्थर से देना - कड़ा उत्तर देना।
7. ओखली में सिर देना - मुसीबत मोल लेना।
8. कान पर जूँ तक न रेंगना - ध्यान न देना।
9. घाव पर नमक छिड़कना - दुःख पर दुःख देना।
10. चलता पुर्जा होना - चालाक होना।

Scanned with CamScanner

## रंगों का त्योहार होली

रंगों का त्योहार होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा को बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस प्रमुख त्योहार पर जाड़ा दम तोड़ जाता है और ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता है। यह त्योहार होली दैत्यराज हिरण्यकश्यप की बहन होलिका के भस्म होने और प्रभु भक्त प्रह्लाद के सकुशल बचने की खुशी में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

रंगों का त्योहार होली, एकता, मिलन और पवित्र प्रेम का प्रतीक है। इस त्योहार के शुभावसर पर नृत्य, रास, नाटक, नौटंकी और अन्य मनोरंजन के कार्यक्रम हुआ करते हैं। लोग टेसू का रंग घोलकर, चंदन लगा कर गुलाल मल कर इस त्योहार को मनाते है। बच्चे, बूढ़े और युवा नर-नारी बड़े उल्लास से इस त्योहार को मनाते हैं।

कृषक वर्ग इस त्योहार पर अपने लहलहाते खेतों को देखकर झूम उठते हैं। यह त्योहार अश्लीलता और झगड़े से दूर रह कर भाईचारे की भावना से मनाना चाहिए।

Scanned with CamScanner

पत्र

अपने प्रधानाचार्य को बीमारी के लिए अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखें ।

प्रतिष्ठा में
प्रधानाचार्य,
न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल,
राजबाग, श्रीनगर
दिनांक : ........ 2019

महोदय
विनम्र निवेदन है कि मैं कल संध्या से ही तेज ज्वर से पीड़ित हूँ। डाक्टर महोदय ने मुझे पाँच दिन तक पूर्ण आराम करने की सलाह दी है। मैं विद्यालय में उपस्थित होने में असमर्थ हूँ। अतः आपसे प्रार्थना है कि मुझे दिनांक ........ 2019 से ...... 2019 तक पाँच दिन का अवकाश प्रदान करें।

सधन्यवाद
आपकी आज्ञाकारी शिष्या / शिष्य,
नाम :-
कक्षा :-
अनुक्रमांक :-

Scanned with CamScanner